Title: Need to supply water for irrigation from Walheri M.I. Tank, Rapapur M.I. Tank and Amliwadi M.I.Tank to the farmers of Gujarat and Maharashtra affected by Sardar Sarovar Project.

श्री माणिकराव होडल्या गावीत (नन्दुरबार) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में एक बहुत महत्वपूर्ण विषय उठा रहा हूं। सरदार सरोवर परियोजना गुजरात और महाराष्ट्र में बन रही है। वहां आदिवासी किसानों को वन जमीन दी गई है। सरदार सरोवर अवार्ड के मुताबिक वहां के आदिवासी किसानो के लिए जमीन और सिचाई से जमीन पानी देंगें का प्रावधान है। लेकिन अभी वहां बोरवैल, बाबड़ी बनाकर सिंचाई के लिए पानी दिया जा रहा है, जो कि ठीक नहीं है। वहां वाल्हेरी एम.आई. टैंक, रापापुर एम.आई. टैंक और अमलीवाड़ी एम.आई. टैंक तीन टैंक हैं। जो कि वन जमीन है, वन जमीन की मंजूरी भी दी जाए । अतः मेरा आपके माध्यम से इस सरकार से अनुरोध है कि वहां के किसानों को सिंचाई के लिए इन टैंकों का पानी दिया जाए।